# स्टार्टअप्स को मौका, 10 कंपनियों को मिले 39 लाख

## इन्वेस्टर कनेक्ट

■ निवेशकों ने उत्पादों के व्यावसायिक इस्तेमाल की संभावनाएं समझीं

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** स्वास्थ्य क्षेत्र में नए और सस्ते उपकरण बनाने वाले युवाओं और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने इन्वेस्टर कनेक्ट 2026 का आयोजन किया।

पीजीआई कैंपस स्थित मेडटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हुए कार्यक्रम में ओपन चैलेंज प्रोग्राम (ओसीपी) 7.0 भी लॉन्च किया गया। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के तहत 10 कंपनियों को 39 लाख रुपये के चेक दिए गए। वहीं, स्टार्टअप पिचिंग सेशन में आठ कंपनियों ने अपने मेडिकल उपकरण और तकनीकी प्रोजेक्ट निवेशकों के सामने प्रस्तुत किए। निवेशकों ने इन उत्पादों और उनके व्यावसायिक इस्तेमाल की संभावनाओं को समझा।

पीजीआई निदेशक डॉ.आरके धीमान ने कहा कि डॉक्टरों और तकनीक के विशेषज्ञों को मिलकर काम करने से स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार किया जा सकता है। उन्होंने नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत बताई।